जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2012/2021 दिनांक : 20/11/2012

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ सूचित किया जाता है कि दीपावली के लंबे अवकाश को दृष्टिगत रखते हुये छात्र सुविधा की दृष्टि से बी.सी.ए./बी.बी.ए. (नियमित एवं एटीकेटी) परीक्षा नवंबर–2012 के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की संशोधित तिथियॉ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं :–

1. **B.C.A. First Semester (Regular & ATKT) Exam Nov. 2012**
2. **B.B.A. First Semester (Regular & ATKT) Exam Nov. 2012**

1.	परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	–	26.11.2012
2.	अपडेट किये हुये परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान महाविद्यालय/अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	–	जिला–ग्वालियर, श्योपुर, अशोकनगर एवं दतिया 29.11.2012
			जिला–भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं गुना 30.11.2012

परीक्षा शुल्क का विवरण :–

1. परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :–

परीक्षा	नियमित	भूतपूर्व	बैक पेपर
B.B.A. First Semester	1540/–	1840/–	550/– प्रति पेपर
B.C.A. First Semester	1540/–	1840/–	550/– प्रति पेपर

नोट :– परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 भूतपूर्व परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है।

** समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषण शुल्क 40/– रूपये प्रति छात्र तथा परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– प्रति छात्र (यानि कुल 110/– रूपये प्रति छात्र) की राशि ऑनलाइन चालान फार्म से कम की जा रही है। प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं से चालान फार्म में दर्शायी राशि के अतिरिक्त 110/– रूपये की रसीद अलग से काटकर ले लें और उसमें से अग्रेषण शुल्क (Farm Forwarding) के रूप में ली जाने वाली 40/– रूपये की राशि महाविद्यालय स्वयं रख लें और परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– रूपये प्रति छात्र ली जाने वाली राशि का भुगतान संबंधित परीक्षा केन्द्र पर कर दें।

1. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. **छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा तभी स्वीकार किये जायेंगे, जबकि आवेदन–पत्रों के साथ अर्हता परीक्षा की अंकसूची तथा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी किया गया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नंबर तथा ACKNOWLEGEMENT SLIP (शुल्क जमा प्रपत्र) परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें, प्रपत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।**

3. प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन अपडेट किये गये परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी की गयी सूची अनिवार्य रूप से परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ लगाकर विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। **जमा किये परीक्षा आवेदन–पत्र की सूची अथवा उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज सूची में किसी भी प्रकार का अंतर पाया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा, साथ ही संबंधित छात्र की परीक्षा निरस्त की जाकर उसकी सूचना आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल को भेजी जायेगी।**

4. समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप चैक कर लें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।

5. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में आये दिन छात्र–छात्राओं द्वारा शिकायत की जाती है कि अंकसूची में छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग की त्रुटियां रह जाती हैं, इस कारण छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर दुबारा अंकसूची बनवानी पड़ती है, जिसमें परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता के नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के अग्रेषणकर्त्ता/प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. विभागाध्यक्ष, संबंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. इंचार्ज इंटरनेट, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)